भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
लोकसभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2110
14 मार्च, 2023 को उत्तर देने के लिए

उत्पादित और प्रसंस्कृत माल्टेड दुग्ध आहार

2110. डॉ. थोल तिरुमावलवन:

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास देश में उत्पादित और प्रसंस्कृत दुग्ध पाउडर, शिशु दुग्ध आहार, माल्टेड दुग्ध पाउडर के आंकड़ें है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार के पास सहकारी क्षेत्रों और गैर-सहकारी क्षेत्रों द्वारा उत्पादित दुग्ध पाउडर, शिशु दुग्ध आहार, माल्टेड आहार का ब्यौरा है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (घ): सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा प्रसंस्कृत खाद्य के विभिन्न मानकों पर आंकड़े उद्योग के वार्षिक सर्वेक्षण (एएसआई) के माध्यम से एकत्र किए जाते हैं। एएसआई डेयरी उत्पादों के विनिर्माण संबंधी आंकड़े उपलब्ध कराता है, तथापि, दूध पाउडर, शिशु मिल्क फूड और उत्पादित और प्रसंस्कृत माल्टेड मिल्क फूड से संबंधित अलग-अलग आंकड़े प्रकाशित नहीं किए जाते हैं। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के एएसआई द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2019-20 के दौरान "डेयरी उत्पादों के विनिर्माण" में लगी 2159 इकाइयों का कुल उत्पादन 1,91,70,148 लाख रुपये था।

एएसआई के तहत डेटा में फैक्टरी अधिनियम, 1948 के साथ-साथ सहकारी समिति अधिनियम के तहत औद्योगिक इकाइयां शामिल हैं। तथापि, सहकारी क्षेत्र के लिए अलग से आंकड़े जारी नहीं किए जाते हैं।

*****